आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
मंगलवार 15.07.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम – फोर मिशन के तीन अन्य सदस्यों के साथ आज पृथ्वी पर सकुशल लौटे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं दीं। हरेला पर्व पर पूरे प्रदेश में एक ही दिन रोपे जाएंगे पांच लाख पौधे।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया। कहा– जनभागीदारी से ही टीबी उन्मूलन संभव।
- प्रदेश में पंचायत चुनाव सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर पिथौरागढ़ में भारत और नेपाल के अधिकारियों की बैठक हुई।

**एक्सिओम– 4 मिशन**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सियोम–4 मिशन के तीन अन्य सदस्यों के साथ आज पृथ्वी पर सकुशल लौट आए। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिन के मिशन के बाद अंतरिक्ष यात्री अमरीका के कैलिफोर्निया तट पर उतरे। चालक दल अब पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए सात दिवसीय पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरेगा।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सफल अंतरिक्ष यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

**हरेला**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेला पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शित करने के साथ लोक संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध और स्वस्थ वातावरण देने के लिए वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हरेला पर्व के साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पूरे प्रदेश में वृहद स्तर पर यह पौधरोपण अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों, वनों, नदियों, गाड़–गदेरों के किनारे, स्कूलों, कॉलेज, विभागीय परिसर, सिटी पार्क और आवासीय परिसर में पौधरोपण किया जाएगा। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, छात्रों, विभागीय कर्मियों, एनसीसी और एनएसएस के साथ ही आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष हरेला पर्व पर पूरे प्रदेश में एक ही दिन में पांच लाख से अधिक पौधे रोपे जाएंगे। जिसमें से गढ़वाल मंडल में तीन लाख और कुमाऊं

मंडल में दो लाख पौधे रोपण का लक्ष्य रखा गया है। इस बार ''हरेला का त्योहार मनाओ, धरती मां का ऋण चुकाओ'' और ''एक पेड़–माँ के नाम'' की थीम पर यह पौधरोपण आयोजित किया जाएगा। पूरे माह इस पर्व के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

**लोकसभा अध्यक्ष भेंट**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री बिरला को प्रदेश के चारधाम का प्रसाद भेंट किया और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए विभिन्न स्थानीय उत्पाद भी उन्हें भेंट किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड चारधाम, प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को राज्य में चल रहे विकास कार्यों, विशेष रूप से धार्मिक पर्यटन, सड़क संपर्क, स्वास्थ्य और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी।

**लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन**

पिथौरागढ़ जिला अस्पताल में आज से पहली बार लेप्रोस्कोपिक विधि से ऑपरेशन की शुरुआत हो गई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने इसे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।
वहीं, इस विधि से पहली सर्जरी करने वाले सर्जन डॉक्टर लाल सिंह बोरा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से जिला अस्पताल को मिली इस मशीन से लोगों को काफी फायदा होगा।

**टीबी मुक्त भारत अभियान**

राजभवन में आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड की ओर से आयोजित ''टीबी मुक्त भारत अभियान'' के अंतर्गत पुरस्कार समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने टीबी रोगियों को गोद लेकर नियमित निगरानी और मानसिक संबल प्रदान कर रोगियों के स्वस्थ होने में मदद करने वाले 13 निःक्षय मित्रों को सम्मानित किया।
राज्यपाल ने 13 उपचार समर्थकों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, जिन्होंने जमीनी स्तर पर कार्य कर, रोगियों के उपचार की नियमित निगरानी और उनकी समुचित देखभाल की। इस दौरान राज्यपाल ने टीबी उन्मूलन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले देहरादून, चम्पावत और रुद्रप्रयाग जिलों को भी सम्मानित किया। उन्होंने टीबी रोग से स्वस्थ हुए 'टीबी चैंपियनों'' को भी सम्मानित किया और गोद लिए गए टीबी मरीजों को पोषण किट प्रदान की। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि टीबी उन्मूलन केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए जनभागीदारी और सामूहिक संकल्प आवश्यक है। उन्होंने कहा कि टीबी से स्वस्थ हुए लोग असली योद्धा हैं और समाज के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। राज्यपाल ने बताया

कि उन्हें भी निःक्षय मित्र बनने का सौभाग्य मिला है और अब तक उन्होंने 75 टीबी रोगियों को गोद लिया है, जिनमें से 62 मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि सभी के सम्मिलित प्रयास, प्रदेश को 2025 में टीबी मुक्त बनाने में सफल होंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को पूरी तरह से टीबी मुक्त बनाना और इस राष्ट्रीय प्रयास में अग्रणी भूमिका निभाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त अभियान को आगामी पहली अगस्त से राज्य भर में एक व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान के तहत सभी नगर पंचायतों के वार्डों और नगर निगमों के सभी पार्षद वार्डों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य समुदाय स्तर पर टीबी के मामलों की पहचान करना, उनका उपचार सुनिश्चित करना और जागरूकता फैलाना होगा।

## भारत–नेपाल समन्वय बैठक

प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर पिथौरागढ़ में भारत और नेपाल के अधिकारियों की समन्वय बैठक हुई। बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान से 72 घंटे पहले नेपाल से जुड़े सभी झूलापुलों को बंद करने पर सहमति बनी। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि बैठक में मानव और वन्य जीव तस्करी और सीमा पर होने वाली अराजक गतिविधियों को रोकने के लिए समन्वित कार्यवाही पर जोर दिया गया।

## जल जीवन मिशन समीक्षा

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के तहत जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधूरी योजनाओं को तत्काल प्राथमिकता पर पूरा करने को कहा। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को "हर घर जल" प्रमाणन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां–जहां कनेक्शन दिए गए हैं, वहां पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।